अक्टूबर 2022

# स्वतंत्रता के साथ एक अधिक शक्तिशाली अर्थव्यवस्था

BUILDING A NEW SCOTLAND

## सारांश

यह स्वतंत्रता के साथ एक अधिक शक्तिशाली अर्थव्यवस्था के लिए स्कॉटलैंड सरकार के प्रस्तावों का एक सारांश है। प्रस्तावों का और जिन विभिन्न साक्ष्यों पर वे प्रस्ताव आधारित हैं उन सभी साक्ष्यों का अधिक विवरण संपूर्ण प्रकाशन में है।

## UK की अर्थव्यवस्था स्कॉटलैंड के लिए कार्य नहीं कर रही है

UK की अर्थव्यवस्था कम उत्पादकता, शून्य वेतन-वृद्धि, अधिक असमानता और गरीबी की ऊँची दरें दे रही है।

UK की आर्थिक गतिविधि लंदन में और दक्षिण पूर्व इंग्लैंड में केंद्रित है जिस कारण UK के अन्य भाग, जिनमें स्कॉटलैंड शामिल है, पीछे छूट रहे हैं।

UK दिन-ब-दिन अलग-थलग पड़ता जा रहा है। एक समय ऐसा था जब हमारे पास विशाल यूरोपीय एकल बाज़ार (यूरोपियन सिंगल मार्केट) की पूरी और स्वतंत्र पहुँच थी; पर इस पहुँच के खो जाने से स्कॉटलैंड की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, और समय के साथ इस प्रभाव की गंभीरता और बढ़ने की ही संभावना है।

हालाँकि स्कॉटलैंड ने यूरोपीय संघ (यूरोपियन यूनियन, EU) में बने रहने के पक्ष में भारी मतदान किया था, पर हम ब्रेक्ज़िट को रोक नहीं सके।

वर्तमान UK सरकार की नीतियाँ बड़ी आर्थिक चुनौतियों — जैसे महँगाई और जीवन-यापन-की-लागत का संकट — को और बदतर बना रही हैं। अस्थिरता और अनिश्चतता बढ़ रही है और वित्तीय बाज़ार वेस्टमिंस्टर की आर्थिक योग्यता पर प्रश्न उठा रहे हैं।

इतना ही नहीं, जैसा कि 'एक नए स्कॉटलैंड का निर्माण' श्रृंखला का पहला साक्ष्य दिखाता है, स्वतंत्र यूरोपीय देश स्कॉटलैंड की तुलना में अधिक खुश हैं, अधिक दौलतमंद हैं और UK से अधिक निष्पक्ष हैं। वे दुनिया की सबसे सफल अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं।

## स्कॉटलैंड की अर्थव्यवस्था में विशाल सामर्थ्य है

स्कॉटलैंड के पास महान आर्थिक बल है। हमारे पास वैसे ही कुशल लोग, फुर्तीले व्यवसाय और प्राकृतिक संसाधन हैं जो स्वतंत्र यूरोपीय देशों जितना सफल होने के लिए चाहिए।

स्कॉटलैंड की अर्थव्यवस्था UK में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में पहले ही शामिल है। यदि लंदन और दक्षिण पूर्व इंग्लैंड को छोड़ दें तो हमारी प्रति व्यक्ति आय, UK के अवक्रमित राष्ट्रों या क्षेत्रों में सबसे अधिक है।

Scottish Government
Riaghaltas na h-Alba

हमारे यहाँ प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता है; स्कॉटलैंड हरित वृद्धि की संभावना और अवसर के मामले में UK के राष्ट्रों और क्षेत्रों में सबसे ऊपर है।

हम एक अत्यधिक शिक्षित और हुनरमंद देश हैं, हमारे यहाँ विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटी हैं और हमारी जनसंख्या में यूनिवर्सिटी या कॉलेज की शिक्षा पाए लोगों का अनुपात, UK या EU के किसी भी राष्ट्र, क्षेत्र या देश से अधिक है।

हमारा खाद्य और पेय सेक्टर बहुत सफल है और उसने 2019 में स्कॉटलैंड में 122,000 नौकरियों को सहारा दिया है तथा अर्थव्यवस्था में £5.8 बिलियन का योगदान दिया है। स्कॉच व्हिस्की UK का सर्वाधिक निर्यात वाला पेय है, वहीं स्कॉटिश सालमन, UK का सर्वाधिक निर्यात वाला खाद्य पदार्थ है।

और हमारे पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा सायबर सुरक्षा सहित, डिजिटल टेक्नॉलजी आदि कई उद्योगों में मुख्य विशेषज्ञताएँ हैं।

स्कॉटलैंड की सरकार के पास स्वतंत्रता के अतंर्गत स्कॉटलैंड की अर्थव्यवस्था को और शक्तिशाली तथा और निष्पक्ष बनाने की एक योजना है। वह योजना इस प्रकार है।

## स्वतंत्र स्कॉटलैंड तब तक पाउंड स्टर्लिंग का उपयोग करेगा जब तक स्कॉटिश पाउंड पेश करने का सही समय न आ जाए

जितनी जल्दी व्यावहारिक हो उतनी जल्दी, स्कॉटलैंड अपनी स्वयं की स्वतंत्र मुद्रा, यानि स्कॉटिश पाउंड, अपना लेगा।

तब तक, पाउंड स्टर्लिंग ही स्कॉटलैंड की मुद्रा बना रहेगा। स्कॉटलैंड में रहने वाले लोग स्टर्लिंग में भुगतान करना जारी रखेंगे, उन्हें उनकी पेंशन स्टर्लिंग में मिलती रहेगी, और वे वस्तुएँ और सेवाएँ स्टर्लिंग में खरीदना जारी रखेंगे। व्यवसाय भी स्टर्लिंग में व्यापार जारी रखेंगे।

एक नया, स्वतंत्र स्कॉटिश केंद्रीय बैंक बताएगा कि कब स्कॉटिश पाउंड पेश किया जाना चाहिए, और इस पर अंतिम निर्णय स्कॉटलैंड की संसद लेगी।

स्कॉटिश पाउंड पेश हो जाने के बाद, स्कॉटिश केंद्रीय बैंक की भूमिका का दायरा बढ़कर उसमें नई मुद्रा को संभालना भी शामिल हो जाएगा। यह बैंक वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने पर फ़ोकस करेगा।

## स्वतंत्र स्कॉटलैंड के वित्तीय मामले ज़िम्मेदार ढंग से संभाले जाएँगे

स्वतंत्र स्कॉटलैंड के पास टिकाऊ सार्वजनिक वित्त हो यह सुनिश्चित करने के लिए नए संस्थान स्थापित किए जाएँगे।

स्कॉटलैंड जिन परिसंपत्तियों का अधिकारी है उन्हें ध्यान में रखते हुए स्कॉटलैंड, UK के ऋण के एक ज़िम्मेदार अंश के भुगतान पर सहमति देगा।

## निवेश से स्वतंत्र स्कॉटलैंड को सबसे शक्तिशाली शुरुआत मिलेगी

यह स्कॉटलैंड सरकार स्वतंत्रता के पहले दशक के दौरान £20 बिलियन तक का निवेश करने के लिए एक बिल्डिंग अ न्यू स्कॉटलैंड फ़ंड (नवीन स्कॉटलैंड निर्माण निधि) स्थापित करेगी। यह फ़ंड तेल और गैस से मिलने वाले राजस्व का, और साथ में अचानक मिली विशाल अतिरिक्त आय का, स्कॉटलैंड की अर्थव्यवस्था में वापस निवेश करेगा।

यह फ़ंड प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं में निवेश करेगा। इनमें जलवायु परिवर्तन से निपटने वाली परियोजनाएँ, अर्थव्यवस्था को अधिक निष्पक्ष ढंग से बढ़ने में सहायता देने वाली परियोजनाएँ और किफ़ायती आवास बनाने वाली परियोजनाएँ शामिल हैं।

## EU में पुनः शामिल होने से स्कॉटलैंड के लोगों और हमारी अर्थव्यवस्था को लाभ होगा

यह स्कॉटलैंड सरकार यह प्रस्ताव रखती है कि स्कॉटलैंड को EU में पुनः शामिल होने का आवेदन करना चाहिए। इससे, स्कॉटलैंड के नागरिकों का EU में कहीं भी स्वतंत्र रूप से आने-जाने का अधिकार बहाल हो जाएगा।

कॉमन ट्रेवल एरिया (साझा यात्रा क्षेत्र) नामक एक समझौते के अंतर्गत, स्कॉटलैंड के लोग UK, आयरलैंड, चैनल आइलैंड और आइल ऑफ़ मैन में भी कहीं-भी स्वतंत्र रूप से आ-जा सकेंगे।

EU की सदस्यता के लाभ व्यवसायों को, विशेष रूप से निर्यातकों को, महसूस होंगे। वे यूरोपीय एकल बाज़ार (यूरोपियन सिंगल मार्केट) तक पहुँच पाएँगे जो अपनी जनसंख्या के हिसाब से UK से सात गुना बड़ा है। एक सदस्य राज्य होने के नाते हमें EU के मौजूदा व्यापार सौदों से और लाभकारी शर्तों पर नए व्यापारिक सौदे कर पाने की उसकी योग्यता से लाभ मिलेगा।

एकल बाज़ार (सिंगल मार्केट) में हमारे स्थान के संरक्षण के लिए, स्कॉटलैंड और UK के बीच वस्तुओं पर नियंत्रण लागू होंगे, पर स्कॉटलैंड और 27 अन्य EU देशों के बीच ये नियंत्रण हट जाएँगे।

UK के ब्रेक्ज़िट सौदे के अंतर्गत, यूनाइटेड किंगडम के भीतर आने-जाने वाली कुछ वस्तुओं पर पहले ही नियंत्रण लागू हैं: वे वस्तुएँ जो उत्तरी आयरलैंड में जाती और वहाँ से आती हैं। स्कॉटलैंड के EU का हिस्सा बन जाने पर, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड के बीच वस्तुओं का स्वतंत्र आवागमन होगा।

व्यापार को सुचारु बनाने के लिए स्कॉटलैंड सरकार सीधी व्यावहारिक मदद देगी।

## अलग आर्थिक चयन स्कॉटलैंड को अधिक निष्पक्ष, अधिक हरित और अधिक समृद्ध बना सकते हैं

स्कॉटलैंड से तुलना योग्य स्वतंत्र यूरोपीय देशों से मिला अनुभव दिखाता है कि गतिशील अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय, दोनों साथ-साथ अस्तित्व में रह सकते हैं। दोनों एक-दूसरे को और शक्तिशाली बना सकते हैं।

**स्कॉटलैंड के अपार अक्षय ऊर्जा संसाधन हमारी नई अर्थव्यवस्था की कुंजी होंगे,** जो घरों और व्यवसायों को भरोसेमंद, सस्ती और कम कार्बन वाली ऊर्जा पहुँचाएँगे। स्कॉटलैंड में समुद्री पवन ऊर्जा की विशाल संभावनाएँ मौजूद हैं जो, उदाहरण के तौर पर, न केवल स्कॉटलैंड के लिए बल्कि UK और यूरोप को निर्यात के लिए भी अक्षय विद्युत की आपूर्ति दे सकती हैं।

**नई आप्रवासन प्रणाली स्कॉटलैंड को लाभ पहुँचाएगी।** स्वतंत्र स्कॉटलैंड UK की 'प्रतिरोधी परिवेश पद्धति' को पीछे छोड़ सकता है और उसके स्थान पर कामकाजी आयु वाले लोगों और उनके परिवारों को यहाँ बसने के लिए आकर्षित कर सकता है। इससे व्यवसायों को उनकी ज़रूरत के कौशल और लोग पाने में मदद मिलेगी और स्कॉटलैंड के उन भागों को सहारा मिलेगा जो जनसंख्या घटने के सर्वाधिक जोखिम में हैं।

**कार्य के प्रति एक नया दृष्टिकोण, गतिशील अर्थव्यवस्था और न्यायपूर्ण समाज, दोनों के निर्माण का एक मुख्य भाग होगा।** यह स्कॉटलैंड सरकार राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन के लिए एक एकल दर का प्रस्ताव रखती है — एक ऐसी दर जो जीवन-यापन की लागत को बेहतर ढंग से दर्शाती हो — और युवा कर्मियों के लिए कोई कमतर दर नहीं होगी। औद्योगिक संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में पहले कदम के तौर पर, लचीले कामकाज तक पहुँच बढ़ाई जाएगी, कार्यस्थलीय अधिकार और मज़बूत किए जाएँगे, और पक्षपातपूर्ण श्रम कानूनों को वापस लिया जाएगा।

## निष्कर्ष

स्कॉटलैंड सरकार का यह मानना है कि हमें एक अलग भविष्य चुनने की ज़रूरत है।

यदि स्कॉटलैंड स्वतंत्र हो जाता है, तो हम साथ मिलकर वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए एक अधिक शक्तिशाली अर्थव्यवस्था का — और एक अधिक न्यायपूर्ण समाज का — निर्माण कर सकते हैं।

© The Scottish Government 2022
स्कॉटलैंड सरकार द्वारा प्रकाशित, अक्टूबर 2022

स्कॉटलैंड सरकार के लिए निर्माता: APS Group Scotland, 21 Tennant Street,
Edinburgh EH6 5NA    PPDAS1142942 (10/22)